Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct dam on Kose river on NH-57 in Supaul Parliamentary Constituency.

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल बिहार में कोसी नदी पर एनएच-57 पर कोसी पुल है । उस पुल से लेकर बाराहरा तक जोभूति, संपथा, डुमरिया, एकडारा, आरा, जोका, पीपलपाती आदि गांवों तक लगभग दस किलोमीटर तक गाइड बांध का निर्माण कराना बहुत आवश्यक है । उक्त क्षेत्र में लाखों लोग निवास करते हैं और प्रत्येक वर्ष जान-माल की क्षति होती है, इसलिए जनहित में गाइड बांध अति आवश्यक है ।

मेरा केंद्र सरकार से निवेदन है कि उक्त गाइड बांध का निर्माण कराकर इस क्षेत्र के लाखों लोगों की जान-माल की रक्षा करने की कृपा करें ।